यदि डेफ़र्ड एक्शन फ़ॉर चाइल्डहुड अराइवल्स (Deferred Action for Childhood Arrivals-DACA) को निरस्त कर दिया जाता है तो NY State of Healthके माध्यम से अपने Medicaid कवरेज को लागू करने या नवीनीकृत करने के बारे में आपको क्या जानना चाहिए

1. DACA का निरसन Medicaid के लिए आपकी PRUCOL स्थिति को नहीं बदलता

न्यूयॉर्क राज्य कानून के तहत, DACA स्थिति वाले व्यक्ति और DACA की निरस्त स्थिति वाले वे लोग जो स्थायी रूप से छद्म कानूनी अधिकार के तहत रहते हैं, राज्य-वित्त पोषित Medicaid के लिए PRUCOL के रूप में जानी जाने वाली एक इमिग्रेशन श्रेणी के अंतर्गत पात्र हो सकते हैं।

2. यदि आपकी DACA स्थिति निरस्त कर दी गई है तो आपको अपनी Medicaid को नवीनीकृत करने या Medicaid के लिए आवेदन करने के लिए क्या करना होता है

कस्टमर सर्विस (Customer Service) **1-855-355-5777, TTY: 1-800-662-1220** पर कॉल करें या अपने समुदाय में किसी सहायताकर्ता से व्यक्तिगत रूप से मिलें। प्रतिनिधि या अपने सहायताकर्ता को यह बताएं कि आपके पास DACA स्थिति है या थी। आपका रोज़गार अनुमति कार्ड आपकी स्थिति के सबूत के रूप में स्वीकार किया जाएगा, भले ही यह समाप्त हो गया हो।

3. सहायता कई भाषाओं में उपलब्ध है।

- हमारे फोन पर आपके सवालों का जवाब देने वाले प्रतिनिधि कई भाषाएँ बोलते हैं। यदि वे आपकी भाषा नहीं बोलते हैं, तो वे आपको अनुवादक उपलब्ध कराएंगे।
- हमारे पास आपके समुदाय में आपकी भाषा बोलने वाले प्रशिक्षित सहायताकर्ता हैं। यदि आप चाहें, तो वे आपके रहने या काम के स्थान पर भी आ सकते हैं।

4. आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी साझा नहीं की जाएगी

- NY State of Health और इसके सहायताकर्ताओं को जो भी आप बताते हैं, वह गोपनीय होता है।
- स्वास्थ्य योजना में नामांकन करने के लिए आप हमें जो जानकारी देते हैं, उसे किसी और के साथ साझा नहीं किया जाएगा तथा उसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा।

<u>NY State of Health के बारे में</u>

न्यूयॉर्क ने अपना पहला Marketplace, NY State of Health अक्टूबर 2013 में खोला था। Marketplace का एक ही जगह पर (one stop) स्वास्थ्य बीमा शॉपिंग अनुभव उच्च गुणवत्ता वाली व्यापक स्वास्थ्य योजना प्रदान करता है। NY State of Health अकेला ऐसा स्थान है जहां उपभोक्ता प्रीमियम छूट या टैक्स क्रेडिट्स के माध्यम से कवरेज के लिए भुगतान करने में मदद पाने की अर्हता प्राप्त कर सकते हैं। पात्र न्यूयॉर्कवासी पूरे वर्ष Marketplace के माध्यम से Medicaid, Child Health Plus और Essential Plan में भी नामांकन करा सकते हैं। NY State of Health Marketplace के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया: Https://nystateofhealth.ny.gov पर जाएं या कस्टमर सर्विस (Customer Service) 1-855-355-5777, TTY: 1-800-662-1220 पर कॉल करें या किसी नामांकन सहायताकर्ता को ढूंढें।

01/18